Date :- 03-08-2025

Dainik Bhaskar, Page-ii, Surat

सूरत भास्कर

संडे फोटो स्टोरी

**11 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर का 74 फीसदी सिविल वर्क पूरा**

# जून में मेट्रो ट्रेन दौड़ाने की तैयारी, 1 किलोमीटर तक पटरियां बिछाई



सूरत मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कॉरिडोर में सोहम सर्कल से अलथान टेनामेंट तक एक किमी में रेल ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो गया है। **फोटोः रितेश पटेल**

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल के काम की रफ्तार बढ़ गई है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के सोहम सर्कल से अलथान टेनामेंट तक 1 किमी रूट पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो गया है। अब जून 2026 में पहली मेट्रो ट्रेन दौड़ाने का लक्ष्य तय कर दिया गया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर ड्रीम सिटी से कादरशाह की नाल के बीच 11 किमी एलिवेटेड रूट है। इसका 74 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (GMRC) ने मेट्रो के पहले फेज का निर्माण कार्य यानी सिविल वर्क पहले जून 2025 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य तय किया था, लेकिन अब यह टारगेट जून 2026 कर दिया गया है। इस डेडलाइन के अंदर सिविल वर्क ही नहीं, बल्कि प्रायोरिटी कोरिडोर पर मेट्रो रेल का संचालन भी शुरू हो जाएगा। बता दें कि सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की शुरुआत 18 जनवरी 2021 को हुई थी। इसके दोनों कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 42 किमी है।

## कॉरिडोर-1 में 548 में से 513 पिलर बनाए जा चुके

कॉरिडोर-1 सरथाणा से ड्रीम सिटी तक है, जिसकी कुल लंबाई 22.77 किमी है। इसमें से 74.06% कार्य पूर्ण हो चुका है। 548 में से 513 पिलर बन गए हैं। वहीं अंडरग्राउंड सेक्शन में कापोद्रा से चौकबाजार के बीच टनलिंग में UG-1 हिस्सा 100 फीसदी पूरा हो चुका है जबकि UG-2 सेक्शन में अभी 50% काम बाकी है। कॉरिडोर-2 की बात करें तो यह सारोली से भेसाण तक 19.26 किमी लंबा है, जिसमें अब तक 65.03% कार्य पूर्ण हो चुका है। इस रूट पर 603 में से 531 पिलर खड़े हो चुके हैं। फिलहाल यहां सेगमेंट इरेक्शन का कार्य चल रहा है।

## मेट्रो के दोनों ही कॉरिडोर में 40 स्टेशनों का काम चल रहा है

निर्माणाधीन अलथान टेनामेंट मेट्रो स्टेशन



**▪ पावर सप्लाई, सिग्नलिंग, टेलीकम्युनिकेशन का काम भी तेजी से हो रहा**

गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट पर कुल 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत लगा रही है। परियोजना के तहत ट्रैक बिछाने, पावर सप्लाई, सिग्नलिंग, टेलीकम्युनिकेशन जैसी तकनीकी गतिविधियों पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### मेट्रो वर्क का रिपोर्ट कार्ड

**लाइन-1**

ड्रीम सिटी से सरथाना

22.77 किमी लंबाई

74.06% पूरा कार्य

548 में से 513 पिलर तैयार




**लाइन-2**

सारोली से भेसान

19.26 किमी लंबाई

65.03% पूरा कार्य

603 में से 531 पिलर तैयार

## सारोली से भेसान रूट पर सभी 19 स्टेशन एलिवेटेड होंगे

सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के दोनों ही कॉरिडोर में कुल 40 मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कार्य चल रहा है। सरथाणा से ड्रीम सिटी के रूट पर 21 स्टेशन होंगे, जिनमें 15 एलिवेटेड और 6 अंडरग्राउंड होंगे। मेट्रो के प्रमुख स्टेशनों में सरथाणा, कापोद्रा, सूरत रेलवे स्टेशन, चौकबाजार, मजूरा गेट और ड्रीम सिटी शामिल हैं। वहीं सारोली से भेसान रूट पर सभी 19 स्टेशन एलिवेटेड होंगे। इस रूट पर आंजणा फार्म, मजूरा गेट (इंटरचेंज स्टेशन), उधना दरवाजा और भरत कैंसर अस्पताल जैसे स्टेशन शामिल हैं।